भागीरथी बाल शिक्षा सदन सेकेण्डरी स्कूल

विषय - सामाजिक विज्ञान (भूगोल - समकालीन भारत-1)

कक्षा - नवीं

अध्याय - 01 शीर्षक : 'भारत आकार और स्थिति'

पाठ से संबंधित बिन्दु

1. भारत उत्तरी गोलार्ध में स्थित है। इसका मुख्य भाग 8°4 उत्तर से 37°6 उत्तर अक्षांश तथा 68°7 से 97°25 पूर्व देशान्तर तक फैला है।
2. कर्क रेखा (23°30 उत्तर) भारत को दो बराबर भागों में विभाजित करती है। यह रेखा भारत के आठ राज्यों से होकर गुजरती है।
3. अण्डमान निकोबार द्वीप समूह बंगाल की खाड़ी तथा लक्षद्वीप अरब सागर में स्थित है।
4. भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा तथा जनसंख्या में दूसरे स्थान पर है।
5. वर्तमान में भारत में 28 राज्य तथा 09 केन्द्रशासित प्रदेश हैं।
6. भारत के उत्तर में हिमालय पर्वत श्रृंखला, दक्षिण में हिंद महासागर, पूर्व में बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में अरब सागर स्थित है।
7. महाद्वीप का एक बड़ा भाग जिसमें महाद्वीप जैसी विशेषताएं होती हैं उसे - उप-महाद्वीप कहते हैं, भारत एशिया महाद्वीप का भाग है परन्तु भारत तथा इसके पड़ोसी राज्यों की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण इस क्षेत्र को भारतीय उपमहाद्वीप भी कहा जाता है।
8. एक त्रिभुजाकार भू-भाग जो तीनों ओर से समुद्र से घिरा हो तो उसे प्रायद्वीप कहते हैं।
9. भारत के उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, उत्तर में चीन, नेपाल, भूटान उत्तर-पूर्व में बांग्लादेश, म्यांमार, दक्षिण में श्रीलंका स्थित हैं।
10. भारत में सबसे पहले सूर्योदय अरुणाचल-प्रदेश में उदित होता है। अरुणाचल-प्रदेश तथा गुजरात के मध्य समय में लगभग 2 घण्टे का अन्तर है।

Scanned with CamScanner

भारत के राज्य - राजधानियाँ

क्र. सं.	राज्य	राजधानी	क्र. सं.	राज्य	राजधानी
1	हिमाचल-प्रदेश	शिमला	15	पश्चिम बंगाल	कलकत्ता
2	हरियाणा	चण्डीगढ	16	असम	दिसपुर
3	पंजाब	चण्डीगढ	17	आन्ध्र-प्रदेश	अमरावती
4	राजस्थान	जयपुर	18	कर्नाटक	बेंगलुरु
5	मध्य-प्रदेश	भोपाल	19	तमिलनाडु	चेन्नई
6	उत्तर-प्रदेश	लखनऊ	20	अरुणाचल-प्रदेश	ईटानगर
7	बिहार	पटना	21	त्रिपुरा	अगरतला
8	छत्तीसगढ	रायपुर	22	मणिपुर	इम्फाल
9	उत्तराखण्ड	देहरादून	23	मिजोरम	आइजोल
10	झारखण्ड	राँची	24	मेघालय	शिलांग
11	गुजरात	गाँधीनगर	25	नागालैण्ड	कोहिमा
12	ओडिशा	भुवनेश्वर	26	सिक्किम	गंगटोक
13	तेलंगाना	हैदराबाद	27	महाराष्ट्र	मुम्बई
14	केरल	तिरुवनन्तपुरम	28	गोवा	पणजी

क्र. सं.	केन्द्र शासित प्रदेश	राजधानी	क्र. सं.	केन्द्र शासित प्रदेश	राजधानी
01	अण्डमान निकोबार द्वीप-समूह	पोर्ट ब्लेयर	06	दमन और दीव	दमन
02	दिल्ली	नई दिल्ली	07	लक्षद्वीप	कवरत्ती
03	चण्डीगढ	चण्डीगढ	08	लद्दाख	लद्दाख
04	दादरा नगर हवेली	सिलवासा	09	जम्मू-कश्मीर	श्रीनगर
05	पुण्डुचेरी	पुण्डुचेरी			

Scanned with CamScanner



भारत एवम् पड़ोसी देश

देश	राजधानी	देश	राजधानी
भारत	नई दिल्ली	श्रीलंका	कोलम्बो
पाकिस्तान	इस्लामाबाद	म्यांमार	यंगून
नेपाल	काठमाण्डु	चीन	बीजिंग
भूटान	थिम्पू	अफगानिस्तान	काबुल

'दक्षिण-एशिया में भारत की स्थिति'

(i) भारतीय भूखण्ड एशिया महाद्वीप के पूर्व और पश्चिम के मध्य स्थित है।

(ii) हिंद महासागर मार्ग पश्चिम में यूरोपीय देशो और पूर्वी एशियाई देशों को मिलाता है।

(iii) भारत तथा इसके पड़ोसी राष्ट्रों ने 1985 ई. में एक क्षेत्रीय संगठन बनाया जिसका नाम सार्क SAARC है। (South asian association of regional co-operation)

Scanned with CamScanner

मूल्यांकन कार्य

⇒ (प्रश्नोत्तर कार्य)

1. भारत कौन से महाद्वीप में स्थित है?
2. भारत के मध्य से कौन-सी रेखा गुजरती है?
3. गुजरात व अरुणाचल-प्रदेश के बीच कितने समय का अन्तर है?
4. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन सा है?
5. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6. भारत में वर्तमान में कितनी संख्या में राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश है?
7. भारत के चार (किन्हीं) पड़ोसी देशों के नाम व उनकी राजधानी के नाम लिखो?
8. 'उप-महाद्वीप नामक शब्द को परिभाषित कीजिए?
9. भारत का सबसे बड़ा व सबसे छोटा केन्द्र शासित प्रदेश कौन सा है? (जनसंख्या की दृष्टि से)
10. भारत का सबसे बड़ा व सबसे छोटा केन्द्र शासित प्रदेश कौन सा है? (क्षेत्रफल की दृष्टि से)

⇒ 'मेरा भारत महान' नामक विषय पर लगभग 100 से 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए?

⇒ भारत के मानचित्र पर निम्न राज्यों को दर्शाइए?

(i) बिहार (ii) पंजाब (iii) असम
(iv) आन्ध्र-प्रदेश (v) महाराष्ट्र (vi) मिजोरम

⇒ आप जिस राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश में निवास करते हैं उसके आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

(i) अपने गृह राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश का नाम व उसकी राजधानी का नाम लिखें?
(ii) अपने गृह राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश में स्थित किन्हीं चार ऐतिहासिक स्थलों या इमारतों के नाम बताइए?
(iii) अपने गृह राज्य / केन्द्र शासित प्रदेशों के पड़ोसी राज्यों के नाम व उनकी राजधानियों के नाम बताइए?

Scanned with CamScanner